आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- मध्योत्तर अंडमान में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के लिए साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिक्षा निदेशालय ने युवाओं के लिए नशे पर हर शनिवार जागरूकता कार्यक्रम की घोषणा की है।
- प्रशासन ने 2 अक्तूबर को ड्राई डे घोषित किया है।
- खराब मौसम के कारण जहाज सिंधु के यात्रा कार्यक्रम में संशोधन।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, श्री विजयपुरम के सहयोग से कल साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी के नोडल अधिकारी एस कृष्ण चैतन्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने आज की डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण सभी सरकारी अधिकारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। आई टी के संयुक्त निदेशक सेंदिल कुमार और उप–निदेशक देवाशीष कुमार दास ने सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा, संभावित साइबर खतरों की पहचान के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लगभग 50 सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मध्य अंडमान की उपायुक्त नंदिनी महाराज के मार्गदर्शन में किया गया।

<><><><><><><>

जीएसटी सुधार कल से प्रभावी हो गए। नई कर संरचना के अंतर्गत जीएसटी परिषद ने अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार–स्तरीय संरचना से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो–स्तरीय संरचना में सरल बना दिया है। ये सुधार कई वस्तुओं और सेवाओं पर कर को कम कर लोगों को राहत प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा ने अंडमान निकोबार पुलिस, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, समाज कल्याण विभाग और गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर हाल ही में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को तंबाकू और नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों और यौन शोषण से संबंधित मुद्दों पर जागरूक करना था। कार्यक्रम में वीडियो, पावर प्वाइंट प्रस्तुतियाँ और चर्चा के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई। शिक्षा निदेशक ने कहा है कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम हर शनिवार को विभिन्न स्कूलों में आयोजित किए जाएँगे।

<><><><><><><>

भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत समग्र क्षेत्रीय केंद्र की ओर से राष्ट्रीय टेली–मानस कार्यक्रम के सहयोग से, सीआरसी ब्रुक्शाबाद में 'विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय था 'आशा और लचीलेपन का पोषणः माता–पिता, देखभाल करने वालों और दिव्यांगजनों के मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन'। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआरसी की निदेशक सुमितामोल ने की। राष्ट्रीय टेली–मानस की नैदानिक मनोवैज्ञानिक निधि ने अभिभावकों और देखभाल करने वालों को दिव्यांग बच्चों के पालन–पोषण में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय टेली–मानस हेल्पलाइन–14416 की भी शुरुआत की।

<><><><><><><>

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती 2 अक्टूबर को मनाई जाएगी। मुख्य कार्यक्रम गांधी पार्क में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। सभी सरकारी विभागों, संस्थाओं, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वयंसेवी संगठनों और ग्रामीणों से श्रमदान द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत इस माह में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने का अनुरोध किया गया है। प्रशासन ने 2 अक्टूबर, को ड्राई डे घोषित किया है।

<><><><><><><>

'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से कल विभिन्न पूजा स्थलों और जलाशयों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में नगरपालिका कर्मचारियों, सफाई मित्रों और आम जनता ने भाग लिया। अभियान के दौरान विभिन्न वार्डों में जलाशयों की भी सफाई की गई। इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छता बनाए रखना था, बल्कि इन सार्वजनिक और आध्यात्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाना था।

<><><><><><><>

खराब मौसम के कारण जहाज सिंधु आज श्री विजयपुरम से ननकौड़ी और कच्छाल होते हुए कैंपबेल बे की अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान कच्छाल बंदरगाह पर नहीं रुकेगा। जहाजरानी सेवा निदेशालय के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, जहाज सिंधु अब आज सुबह 9 बजे हैडो जेट्टी से ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और 25 सितम्बर को सुबह आठ बजे कैंपबेल बे से ननकौड़ी होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। कच्छाल द्वीप जाने वाले यात्रियों की आवाजाही के लिए ननकौड़ी द्वीप पर आवश्यक संपर्क व्यवस्था की जाएगी।

इस बीच, आगामी त्यौहार को देखते हुए, जहाजरानी सेवा निदेशालय ने जहाज सिंधु के लिए एक विशेष यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की है। यह जहाज 27 सितंबर को रात 11 बजे हैडो जेट्टी से कार निकोबार के लिए रवाना होगा और 28 सितंबर को दोपहर 2 बजे कार निकोबार से लिटिल अंडमान होते हुए श्री विजयपुरम वापस आएगा। यात्री ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से 26 सितंबर से सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच टिकट बुक कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अनिडको में सभी पेट्रोलियम इकाइयों के स्टॉक और परिसंपत्तियों का अर्धवार्षिक भौतिक सत्यापन कार्य 30 सितंबर को किया जाएगा। इस दौरान पीओएल जंगलीघाट रात्रि 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक और अन्य सभी पेट्रोलियम इकाइयाँ दोपहर 2 बजे से बंद रहेगी।

<><><><><><><>

गाराचरमा के श्री श्री महाकाली मंदिर में बत्तीसवां दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जाएगा। पूजा 28 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक चलेगा। महा अष्टमी पूजा सुबह साढ़े सात बजे और पुष्पांजलि सुबह दस बजे से आरंभ होगा। इसके बाद दोपहर साढ़े बारह बजे से भोग का वितरण किया जाएगा।

<><><><><><><>

शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए द्वीपसमूह के छात्रों के लिए मुख्य भूमि के विभिन्न संस्थानों में आरक्षित बी एच एम एस और जनरल नर्सिंग एवं मिडवाइफरी सीटों के आवंटन के लिए परामर्श 26 सितंबर को सुबह 10 बजे से सचिवालय में उप सचिव के कक्ष में आयोजित किया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ परामर्श में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

निकोबार जिला पुलिस और भारतीय खेल प्राधिकरण, कार निकोबार के सहयोग से पुरुषों और महिलाओं के लिए हाल ही में जिला रोड साइक्लिग चैंपियनशिप का का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर, निकोबार जिला पुलिस अधीक्षक, राहुल एल. नायर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए द्वीपसमूह में युवाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। चैंपियनशिप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को आगामी राज्य साइकिलिंग चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है।

**<><><><><><><>**